श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

दिनाक 28-01-2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में संचालित श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का शीर्षक 'हेल्थकेयर में एआई' और 'न्यूरोलॉजिकल इमरजेंसी' था। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण और मेडिकल छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुई। चिकित्सा संकाय की प्राचार्य डॉ. वर्षा मोखासी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. विजय तिवारी (क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट) ने "हेल्थकेयर में एआई का उपयोग - वरदान या अभिशाप" विषय पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ तिवारी ने बताया की एआई स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा जिसमे डायग्नोस्टिक, व्यक्तिगत उपचार, चैटबॉट्स, ड्रग डिस्कवरी, एवं प्रेडिक्टिव एनालिटिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एआई स्वास्थ्य सेवा को अधिक सटीक, कुशल और सुलभ बना रहा है